हरिभूमि
# विदिशा-रायसेन भूमि फ्रंट पेज
भोपाल, गुरुवार 21 अगस्त 2025

04 किसानों की समस्याओं को लेकर कांग्रेसी पिंड भरकर...

07 निजी विद्यालयों की विद्यार्थियों से ली जाने वाली शुल्क...




## खबर संक्षेप

### विश्वकर्मा योजनाः 74 उम्मीदवार प्रशिक्षित हुए

**विदिशा।** पीएम विश्वकर्मा योजना के अंतर्गत आईटीआई की चिन्हित ट्रेडो के उम्मीदवारों को आईटीआई द्वारा प्रशिक्षित किया जा रहा है। शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान विदिशा के प्राचार्य द्वारा उपलब्ध कराई गई जानकारी के अनुसार पीएम विश्वकर्मा योजना के तहत कुल 74 उम्मीदवारों के लिए प्रशिक्षण आयोजित किया गया था। जो बुधवार 20 अगस्त को सम्पन्न हुआ है। उक्त प्रशिक्षण में लाकस्मिथ के 19, मालाकार के 27 और साफटटॉय बनाने हेतु 28 अभ्यर्थियों को प्रशिक्षित किया गया है। आईटीआई के प्राचार्य एपी श्रीवास्तव ने बताया कि शासकीय आईटीआई में सभी 18 जाबरोल के पीएम विश्वकर्मा योजना के तहत प्रशिक्षण मुहैया कराया जा रहा है। योजना के अंतर्गत लाभार्थियों को उनके बैंक खातों में प्रशिक्षण भत्ता, यात्रा भत्ता एवं लोन की राशि प्रदाय की जाएगी।

### दो प्रकरण में आरोपी की सूचना देने वाले को इनाम देने की घोषणा

**विदिशा।** एसपी रोहित काशवानी ने थाना गंजबासौदा एवं थाना सिविल लाइन विदिशा में दर्ज प्रकरण के फरार आरोपियों की सूचना देने या गिरफ्तारी कराने में मदद करने वाले को पांच हजार रूपए का इनाम देने की घोषणा की है। फरार आरोपी गोलू पुत्र प्यारेलाल अहिरवार निवासी ग्राम स्वरूपनगर, बैतोली थाना गंजबासौदा शहर और सिविल लाइन विदिशा में दर्ज अपराध के फरार आरोपी नितिन पुत्र उमेद सिंह सेन निवासी नौलाश थाना ग्यारसपुर की सूचना देने या गिरफ्तारी में मदद करने वाले के लिए 3 हजार का इनाम घोषित किया गया है। दोनों प्रकरणों में सूचना देने वाला व्यक्ति चाहे तो उसका नाम गोपनीय रखा जाएगा।

### आर्मी भर्ती रैली के लिए जिलेवार शेड्यूल जारी

**विदिशा।** आर्मी भर्ती के अभ्यर्थियों के लिए जिलेवार नियत तिथि को उपस्थित होने की सूचना दी गई है। आर्मी भर्ती रैली प्रक्रिया के लिए 22 अगस्त को बैतूल जिले के 634 अभ्यर्थी शामिल होंगे। शनिवार 23 अगस्त को छिंदवाड़ा के 373, पन्ना के 193 और नरसिंहपुर के 191 अभ्यर्थी शामिल होंगे। रविवार 24 अगस्त को पांढुर्ना के 48, हरदा के 53, गुना के 228 और राजगढ जिले के 361 अभ्यर्थी शामिल होंगे। सोमवार 25 अगस्त को राजगढ जिले के 747, 26 अगस्त को नर्मदापुरम के 450, अशोकनगर के 49 और दमोह जिले के 200, बुधवार 27 अगस्त को सीहोर जिले के 769, विदिशा के 280, भोपाल के 229 तथा रायसेन जिले के 192 अभ्यर्थी शामिल होंगे।

### संत नित्यानंद गिरी महाराज ने दिए उपदेश

**विदिशा।** सम्राट गार्डन में चल रही भागवत कथा में ऋषिकेश से आए महान संत नित्यानंद गिरी महाराज ने उपदेश दिए। उन्होंने कहा कि हम जो सुख दुख भोग रहे हैं। हानि लाभ हो रहा है अनुकूलता, प्रतिकूलता हो रही है यश अपयश हो रहा है यह सब हमारे कर्मों का ही फल है। हम जो भी क्रिया करते हैं उसकी प्रतिक्रिया अवश्य होती है। इसलिए आज हो या कल हमें वो ही कर्म करना चाहिए जैसा हम फल चाहते हैं। नित्यानंद गिरी महाराज ने आधुनिक युग में भक्ति एवं कर्म योग के सिद्धांत के महत्व को समझाया। उन्होंने बताया कि आज हम जो भी हैं वो हमारे पूर्व कर्मों का ही फल है। हमारा जन्म हमारे कर्मों के अनुसार ही हुआ है। किसी को यश,अपयश मिला है। किसी को अपार धन मिला है। किसी को अपार वैभव, सुख, संपदा, मिली है और किसी को अत्यंत दुख मिला है। यह सब उस प्राणी के पुराने कर्मों का फल है। इसलिए अगर हम सुखी और शांत रहना चाहते हैं तो इसी मनुष्य जन्म में सत कर्म करें। दूसरों की भलाई करें। तभी ईश्वर हमारी भलाई करेगा। जैसे सर्दी आती है ,गर्मी आती है, बरसात आती है तो हम उसे स्वीकार करते हैं। रोते नहीं हैं इसी प्रकार दुख, सुख या परेशानी आए तो हमें विचलित नहीं होना चाहिए।

## शिवराज की नसीहत का भाजपा नेताओं पर नहीं हुआ असर

# पीआईसी में फेरबदल से तिलमिलाए पार्षदों ने जिलाध्यक्ष को सौंपा ज्ञापन

पीआईसी से हटाए गए सभापतियों ने भाजपा जिलाध्यक्ष महाराज सिंह दांगी को सौंपा ज्ञापन। इससे भाजपा में अस्थिरता बढ़ती ही जा रही है। पर्दे के पीछे हैं नेता और संगठन की हिदायत बेअसर।

### नगरपालिका में भाजपा के पार्षदों ने निर्णय पर आपत्ति जताई



विदिशा। पार्षदों ने स्टेशन पहुंचकर भाजपा जिलाध्यक्ष को ज्ञापन देकर जताई नाराजगी।

हालांकि जिन पार्षदों को कांग्रेसी और निर्दलीय बताया जा रहा है वह भाजपा मंडल कार्यकारिणी में शामिल हैं। इस लिहाज से उन्हे किसी अन्य दल का नहीं कहा जा सकता।

हरिभूमि न्यूज ⏭विदिशा

विदिशा नगरपालिका परिषद में नई पीआईसी के गठन को लेकर विवाद उत्पन्न हो गया है। नवगठित पीआईसी को लेकर पार्षदों ने भाजपा जिलाध्यक्ष को ज्ञापन सौंपकर संगठन हस्तक्षेप की मांग उठाई है। भाजपा पार्षदों ने इस निर्णय पर कड़ी आपत्ति जताई है। उनका आरोप है कि अध्यक्ष ने पार्टी की गाइडलाइंस की अनदेखी की है। कुछ पार्षद रेलवे स्टेशन पर एकत्रित हुए। उन्होंने भाजपा जिला अध्यक्ष महाराज सिंह दांगी को ज्ञापन सौंपा। लेकिन हकीकत है कि भाजपा संगठन में अंदरूनी गुटबाजी चरम पर है। भाजपा नेताओं के इसारे पर ही नपा जैसी संवैधानिक संस्था में अस्थिरता पैदा की जा रही है।

जिले के एकमात्र सर्वमान्य नेता केन्द्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान की हिदायत का भी कोई असर नजर नहीं आ रहा है। प्रदेश संगठन से लेकर स्वयं शिवराज इस मामले में हस्तक्षेप कर चुके हैं। लेकिन उनके ही समर्थक लगातार नपा को लेकर दुष्प्रचार कर रहे हैं। विधायक मुकेश टंडन मौन रहकर अपनी भूमिका निभा रहे हैं। नपा में अस्थिरता पैदा करने में जुटे हुए पार्षद पीआईसी के नवगठन से तिलमिला उठे हैं। नपाध्यक्ष का कहना है कि यह उनका अधिकार है। शहर विकास के लिए वह पीआईसी में फेरबदल कर सकते हैं। नपा अध्यक्ष प्रीति राकेश शर्मा ने 18 अगस्त को पीआईसी की बैठकों में लगातार अनुपस्थित रहने पर शिक्षा महिला एवं बाल कल्याण समिति की सभापति रोशनी सूरज सिंह किरार, स्वास्थ्य तथा अस्पताल समिति सभापति सोनल कौशल अहिरवार, विधि सामान्य प्रशासन एवं सामान्य प्रयोजन समिति सभापति लीलाधर लोधी और आवास एवं पर्यावरण एवं लोक निर्माण समिति सभापति अरुणा मांझी को पीआईसी से बाहर कर दिया है। उनके स्थान पर पार्षद बालमुकुद चिढ़ार, मनीषा अखिलेश यादव, पार्षद संतोष सोनी, संध्या राजेश लोधी को शामिल किया गया है। जिन पार्षदों पर कांग्रेसी होने का आरोप लगाया जा रहा है वे अब भाजपा के सदस्य हो चुके हैं और कार्यकारिणी जैसी महत्वपूर्ण दायित्व सौंपे जा चुके हैं।

# बिजली कंपनी के मुख्य महाप्रबंधक ने बंद कमरे में की बैठक, गेट पर तैनात कराए गार्ड

## कार्यालय के बाहर ताले लगाकर मीडिया को अंदर आने से रोका

हरिभूमि न्यूज ⏭विदिशा




विदिशा। बैठक के लिए बिजली कंपनी कार्यालय पहुंचते हुए मुख्य महाप्रबंधक।

बिजली कंपनी के मुख्य महाप्रबंधक क्षितिज सिंघल ने बुधवार को अहमदपुर रोड स्थित बिजली कंपनी के कार्यालय में इंजीनियर और विभाग के अधिकारियों की बैठक ली। बैठक बंद कमरे में की गई।

मीडिया को भी बैठक से दूर करने के लिए कार्यालय के बाहर ताला बंद कर बंदूकधारी गार्ड तैनात कर दिए। बाद में मीडिया कर्मियों को अंदर आने की अनुमति दी गई, लेकिन अधिकारियों ने बैठक के संबंध में और किसी भी विषय पर चर्चा करने से इनकार कर दिया। बताया जाता है कि स्मार्ट मीटर और बिजली के बढ़ते हुए बिलों को लेकर आ रही शिकायतों के चलते यह बैठक आयोजित की गई थी। बता दें की अभी हाल ही में शहर भर में नए मीटर लगाए गए हैं। इसके तत्काल बाद ही स्मार्ट मीटर लगाने की कबायद शुरू कर दी गई। यह बात लोगों के गले नहीं उतर रही है कि पहले लगे हुए मीटरों में ऐसी क्या खराबी है कि उन्हे निकालकर अब स्मार्ट मीटर लगाए जा रहे हैं। शहर भर में इसका पुरजोर विरोध होने के बाद भी ऐसी क्या आवश्यकता आन पड़ी है की बिजली कंपनी बंदूक की नोक पर घर - घर जाकर पुराने मीटरों को बदलकर नए स्मार्ट मीटर लगा रही है।

### हम्मालों और तुलावटों के उत्थान के लिए चलाई जा रही योजनाओं की जानकारी दी

**हरिभूमि न्यूज. विदिशा।** राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, जबलपुर के निर्देश एवं प्रधान जिला न्यायाधीश एवं अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण जाकिर हुसैन के मार्गदर्शन में बुधवार को कृषि उपज मंडी में विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। इस अवसर पर जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव एवं न्यायिक मजिस्ट्रेट नितेन्द्र सिंह तोमर, न्यायिक मजिस्ट्रेट कादिर खान, अनिमेष तिवारी, लीगल एड डिफेंस काउंसिल नीलकमल वैद्य, सचिव एवं कृषि उपज मण्डी समिति के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे। शिविर में नितेन्द्र सिंह तोमर द्वारा मंडी में कार्यरत हम्मालों और तुलावटों को शासन की संबल योजना की जानकारी दी गई एवं उन्हें इस योजना का लाभ लेने के लिए प्रेरित किया गया। साथ ही उपस्थित जनों को उनके विधिक अधिकारों से भी अवगत कराया गया है।

### हत्या के प्रयास में फरार 5 हजार रुपए का इनामी आरोपी गिरफ्तार

**विदिशा।** कुरवाई पुलिस ने हत्या के प्रयास में पांच हजार रुपए के इनाम आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। घटना 1 जून की बताई जा रही है। फरियादी सुरेन्द्र सिंह निवासी मदउखेड़ी ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि लखन दांगी, उदय दांगी, भगवान सिंह एवं चार्ली राजा ने जान से मारने की नियत से हमला कर मारपीट की। घटना के बाद सभी आरोपी गिरफ्तार हो चुके थे, किन्तु लखन दांगी घटना दिनांक से ही फरार था। जिस पर 5 हजार का इनाम घोषित किया गया। 19 अगस्त को कुरवाई पुलिस ने फरार आरोपी लखन पिता कल्याण सिंह दांगी निवासी मदउखेड़ी को गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष पेश कर दिया है।

### संस्कृत गौरव दिवस महोत्सवः राज्यमंत्री बोलेः संस्कृत सभी भाषाओं की जननी, युवा इसका अध्ययन करें




**विदिशा।** संस्कृत गौरव दिवस महोत्सव की शुरुआत हुई। दो दिवसीय इस आयोजन में संस्कृति, पर्यटन और धर्मस्व राज्य मंत्री धर्मेंद्र सिंह लोधी मुख्य अतिथि रहे। कार्यक्रम में संस्कृत भाषा को सभ्यता और संस्कृति की आधारशिला बताते हुए युवाओं से इसके अध्ययन की अपील की गई। राज्यमंत्री धर्मेंद्र सिंह ने कहा कि विश्व की सभी भाषाओं की जननी संस्कृत है। उन्होंने बताया कि सभी प्राचीन धार्मिक ग्रंथ, श्लोक और विद्या की जड़ें संस्कृत में निहित हैं। संस्कृति और सभ्यता को समझने के लिए संस्कृत भाषा का ज्ञान आवश्यक है। उन्होंने युवाओं से पढ़ाई के साथ संस्कृत भाषा का अध्ययन करने की अपील की। विधायक मुकेश टंडन ने कहा कि संस्कृत केवल एक भाषा नहीं है। यह हमारी सभ्यता और संस्कृति की आधारशिला है।

### पाक्सो एक्ट का आरोपी भोपाल से हुआ गिरफ्तार

**हरिभूमि न्यूज. विदिशा।** पाक्सो एक्ट के मामले में फरार आरोपी को करारिया पुलिस ने भोपाल से गिरफ्तार किया है। थाना प्रभारी निरीक्षक राजपाल सिंह जादौन के नेतृत्व में करारिया पुलिस ने अभियान चलाकर फरार आरोपी को गिरफ्तार कयिा। 10 जून को पीड़िता की रिपोर्ट पर थाना करारिया में पाक्सो एक्ट के तहत प्रकरण दर्ज किया गया। घटना के बाद से ही आरोपी फरार था। मामले की गंभीरता को देखते हुए थाना करारिया पुलिस द्वारा सतत प्रयास किए गए। गिरफ्तार आरोपी को न्यायालय में किया पेश किया गया। सर्च अभियान के दौरान आरोपी वीरसिंह उर्फ हरिओम प्रजापति पिता बाबूलाल प्रजापति उम्र 25 वर्ष निवासी पीपलिया कदीम थाना गुना जिला भोपाल को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया।

# किसानों ने विधायक को ज्ञापन देकर कंपनी से मुआवजा दिलाने की मांग की

हरिभूमि न्यूज ⏭ नटेरन



विदिशा। विधायक को ज्ञापन देते हुए क्षेत्र के किसान।

नटेरन के ग्राम सेऊ, खैराई, कस्बाखेड़ी, नगतरा, पमारिया सहित आधा दर्जन गांवों के किसान बुधवार को शमशाबाद विधायक सूर्यप्रकाश मीणा को ज्ञापन सौंपा।

किसान रामसेवक तिवारी ने बताया की सभी ने एचपीएम कंपनी की खरपतवार नाशक दवा सोयाबीन में विगत 1 माह पहले डाली थी। जिसके कारण पूरी फसल जलाकर खाक हो गई। कचरा ज्यों का त्यों बना हुआ है। यह दवाई नटेरन की जय किसान इंटरप्राइजेज से खरीदी गई। दवाई डालने के 6 दिन बाद फसल मुरझाने लगी। 10 से 15 दिन बाद सोयाबीन की जलकर सूख गई। कंपनी के कर्मचारियों को बार-बार बताया गया, लेकिन संतोषजनक जवाब न मिलने पर पीड़ित शमशाबाद विधायक मीणा के पास पहुंचे। किसानों ने कहा की फसल की उचित जांच करवाकर कंपनी पर कठोर कार्रवाई कर किसानों को कंपनी द्वारा उचित मुआवजा दिलाया जाए। किसानों ने कहा कि हमारा परिवार खेती-पर ही निर्भर है। विधायक मीणा ने मौके पर कृषि विभाग के अधिकारी को फोन लगाया और कहा की विधानसभा के पीड़ित किसानों की फसलों की जांच करवाकर शासन की गाइड लाइन अनुसार लाभ दिया जाए। इस दौरान सचिन तिवारी, मिट्ठू कुशवाह, सनमान कुशवाह, पंचम कुशवाह, देवेंद्र तिवारी, विशाल रघुवंशी, कडोरी लाल आदि मौजूद रहे।

### पानी की मोटर, केबल और छुरी सहित चार आरोपी किए गिरफ्तार

**विदिशा।** करारिया पुलिस ने चोरी के प्रकरण का 24 घंटे में खुलासा कर दिया है। पुलिस ने इस मामले में 4 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। फरियादी उमेद सिंह बघेल निवासी कागपुर ने थाना करारिया में रिपोर्ट दर्ज कराई कि गौशाला में पानी के लिए लगाई गई 5 हॉर्स पावर की मोटर चोरी हो गई। जिसकी कीमत 28 हजार रुपए है। करारिया पुलिस ने मामला दर्ज किया और आरोपी अभीजीत बघेल पिता झलकन बघेल उम्र 18 वर्ष, सुनील केवट पिता रमेश केवट उम्र 30 वर्ष, सुनील पिता भंवरलाल केवट उम्र 37 वर्ष, शुभम केवट पिता हरिसिंह केवट उम्र 23 वर्ष सभी निवासी कागपुर थाना करारिया को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया। आरोपियों के पास से मोटर, केबल और एक छुरी भी बरामद की गई है।

### कोतवाली पुलिस ने चोरी गईं 3 बाइक जब्त कीं

**विदिशा।** चोरी एवं फरार आरोपियों की धरपकड़ के लिए पुलिस द्वारा अभियान चलाया जा रहा है। कोतवाली पुलिस ने चोरी गई 3 बाइकों को जब्त कर लिया है। 8 अगस्त को अभिषेक पुत्र बैनी प्रसाद साहू निवासी सलामतपुर, जिला रायसेन ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि उसकी बाइक एमडीएफसी बैंक के पास से चोरी हो गई। 28 मार्च को विक्की पुत्र रविन्द्र विश्वकर्मा निवासी टीलाखेड़ी कॉलोनी, ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि उसकी बाइक माधव उद्यान के सामने से चोरी हो गई। 14 अगस्त को कमलेश पुत्र स्व. गरीबदास सुनकर निवासी आरएमपी नगर फेस-2 ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि उसकी बाइक तहसील कार्यालय पार्किंग से चोरी हो गई। इस मामले मेंपुलिस ने आरोपी शिवराज पुत्र विष्णु प्रसाद कुशवाह, उम्र 21 वर्ष,निवासी ग्राम बागरोद, थाना त्योंदा और सोनू पुत्र राजकुमार प्रजापति उम्र 20 वर्ष निवासी बरखेड़ा जागीर थाना देहात अशोकनगर को गिरफ्तार किया है।






### नंद महोत्सवः मटकी फोड़ने निकली टोलियां

हरिभूमि न्यूज ⏭विदिशा

शहर में बुधवार को नंद महोत्सव का आयोजन किया गया। जिलेभर से आईं करीब 20 मंडलियां इस आयोजन में शामिल हुईं। शहर में 10 स्थानों पर मटकी बांधी गईं। दोपहर में शुरू हुए इस आयोजन में शामिल मंडलियों ने लहंगी नृत्य किया और मटकियों को फोड़ा। कार्यक्रम का आयोजन हिंदू जागृत युवा संगठन के तत्वावधान में किया गया। 10 स्थान पर बंधी मटकियों को फोड़ने में करीब 3 घंटे का समय लगा। इस दौरान जिला पंचायत अध्यक्ष गीता कैलाश रघुवंशी मुख्य रूप से उपस्थित रहीं। वहीं भोपाल की सांसद प्रज्ञा ठाकुर भी कार्यक्रम में शामिल हुईं। उल्लेखनीय है की शहर में करीब 30 वर्ष से लगातार यह आयोजन किया जा रहा है। पूर्व में इस आयोजन में टोलियों के साथ नृत्यांगनाएं भी शामिल होतीं थीं। लेकिन हिंदू संगठनों की आपत्ति के बाद इस बार से उन्हे बुलाना बंद कर दिया गया है।

## सीबीएसई क्लस्टर 12 फुटबॉल प्रतियोगिता का समापन हुआ

# दिल्ली पब्लिक स्कूल कोलार को हराकर कमलादेवी पब्लिक स्कूल भोपाल ने जीता फुटबॉल का फाइनल

हरिभूमि न्यूज ⏭विदिशा



विदिशा। अपनी टीम को जिताने का प्रयास करते हुए दोनों टीम के खिलाड़ी।

स्प्रिंगफील्ड वर्ल्ड स्कूल द्वारा आयोजित सीबीएसई क्लस्टर 12 फुटबॉल प्रतियोगिता में अंडर -19 आयु वर्ग से बुधवार को फाइनल मुकाबला कमला देवी पब्लिक स्कूल भोपाल एवं दिल्ली पब्लिक स्कूल कोलार भोपाल के बीच खेला गया।

इस मुकाबले में मैच के फर्स्ट हाफ के 18 मिनट में दिल्ली पब्लिक स्कूल के दक्ष ने पहला गोल किया। इसके तुरंत बाद फर्स्ट हाफ के 21वें मिनट में कमला देवी पब्लिक स्कूल के वाहिद ने एक गोल कर पहले हाफ के बाद स्कोर बराबर किया। फाइनल मुकाबले के दूसरे हाफ में दोनों ही टाइम एक दूसरे पर हावी रहीं। परंतु सेकंड हाफ के 21 मिनट में कमलादेवी पब्लिक स्कूल के गौरव ने शानदार गोल कर 2/1 से बढ़त बना ली। इस प्रकार यह फाइनल मुकाबला कमला देवी पब्लिक स्कूल ने 2/1 से जीत कर खिताब अपने नाम किया। साथ ही साथ भोपाल में होने वाले सीबीएसई नेशनल फुटबॉल प्रतियोगिता में अपना स्थान पक्का किया।

मुकाबले के पश्चात प्रतियोगिता का समापन एवं पुरस्कार वितरण उद्योग व्यापार मंडल के अध्यक्ष राजेश जैन, स्प्रिंगफील्ड स्कूल के अध्यक्ष योगेंद्र राणा डायरेक्टर करण राणा, एसके गुरु, दिलीप थापा, संतोष चतुर्वेदी, प्रिंसिपल विनय अग्रवाल सीबीएसई ऑब्जर्वर विनोद ग्रेवाल एवं सागर रायकवार द्वारा किया गया। प्रतियोगिता में कमला देवी पब्लिक स्कूल भोपाल, उपविजेता दिल्ली पब्लिक स्कूल कोलार भोपाल, बेस्ट गोलकीपर- अनस सेंट जेवियर स्कूल भोपाल, बेस्ट डिफेंडर -शौर्य आर्मी पब्लिक स्कूल ग्वालियर, बेस्ट स्ट्राइकर आदित्य पालके दिल्ली पब्लिक स्कूल कोलार, प्लेयर ऑफ़ द टूर्नामेंट राजवीर कमला देवी पब्लिक स्कूल भोपाल को विशेष पुरस्कार दिए गए।

### सशक्त वाहिनी अभियान के तहत निशुल्क कोचिंग का शुभारंभ हुआ

**विदिशा।** संस्कृति, पर्यटन, धार्मिक न्यास एवं धर्मस्व मंत्री धर्मेन्द्र सिंह लोधी ने बुधवार को ऑडिटोरियम में बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना अंतर्गत सशक्त वाहिनी अभियान के तहत बालिकाओं के लिए निःशुल्क कोचिंग का शुभारंभ किया। अतिथियों द्वारा इस अवसर पर बालिकाओं को पाठ्य पुस्तक सामग्री का वितरण भी किया गया। कार्यक्रम में विधायक मुकेश टंडन महिला एवं बाल विकास विभाग अधिकारी विनीता लोढ़ा मौजूद रहीं। निःशुल्क कोचिंग क्लास का संचालन दोपहर 3 बजे से पुलिस कंट्रोल रूम, पुलिस लाइन विदिशा में प्रारंभ किया गया। जिसमें प्रशिक्षकों द्वारा प्रथम क्लास ली गई।



## बासौदा मंडी भाव

शरबती
न्यूनतम भाव-2740
उच्चतम भाव-3345
सुजाता
न्यूनतम भाव-2550
उच्चतम भाव-2764
मालव शक्ति
न्यूनतम भाव-2530
उच्चतम भाव-2560
चना
न्यूनतम भाव-4400
उच्चतम भाव-6082
मसूर
न्यूनतम भाव-5000
उच्चतम भाव-7760
तेवड़ा
न्यूनतम भाव-3080
उच्चतम भाव-3435
सोयाबीन
न्यूनतम भाव-2520
उच्चतम भाव-4882
सरसों
न्यूनतम भाव-5710
उच्चतम भाव-6971
मूंग
न्यूनतम भाव-5000
उच्चतम भाव-6800
धान
न्यूनतम भाव-2200
उच्चतम भाव-2600
उड़द
न्यूनतम भाव-3480
उच्चतम भाव-6300
धनिया
न्यूनतम भाव-6660
उच्चतम भाव-6660
अलसी
न्यूनतम भाव-4000
उच्चतम भाव-4000

### कृषि मण्डी में हुई आवक

गंज बासौदा। कृषि उपज मण्डी में बुधवार को आसपास के ग्रामीण अंचलों से किसान ट्रैक्टर-ट्रालियों से कृषि जिंसों को नीलामी के लिए लेकर पहुंचे। जिससे कृषि मण्डी में 5684 बोरे उपज की आवक हुई।

## खबर संक्षेप

### जन्मोत्सव पर होंगे अनेक आयोजन

**गंजबासौदा।** बरीघाट बेतवा मार्ग स्थित श्रीधाम दरबार के भगवान श्री रामदेव मंदिर में तीन दिवसीय जन्मोत्सव 25 अगस्त से शुरू होगा। दोपहर 3 बजे मां शीतला शक्ति धाम मंदिर से शोभायात्रा शुरु होकर मुख्य मार्गों से होते हुए कार्यक्रम स्थल श्रीधाम दरबार पहुंचेगी। मंदिर के संस्थापक पंडित हरि नारायण पाठक ने बताया कि इस बार नवंबर के अंतिम सप्ताह में बड़ा आयोजन प्रस्तावित है। इसी कारण जन्मोत्सव तीन दिन का रखा गया है। कार्यक्रम 28 अगस्त तक चलेगा। इस दौरान इंद्रावास सहित कई धार्मिक आयोजन होंगे। अंतिम दिन भगवान श्री रामदेव का जन्मोत्सव मनाया जाएगा।

### नाले में बहा ग्रामीण

**गंजबासौदा।** समीपस्थ ग्राम ककरावदा में नाले के तेज बहाव में कल्लू आदिवासी नामक ग्रामीण बह गया। जिसकी सूचना पर प्रशासनिक अमला मौके पर पहुंच गया है और खबर लिखे जाने तक उसकी तलाश जारी है।

# नपा कराएगी आवारा कुत्तों और सुअरों की धर पकड़, बैठक में हुआ निर्णय

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा



नगर पालिका परिषद की बैठक के दौरान सभी पार्षदों ने एकजुट होकर नपा अध्यक्ष शशि अनिल यादव से नगर में घूम रहे आवारा कुत्तों और सुअरों को नगर से बाहर करवाए जाने का अनुरोध किया। इसके बाद उन्होंने इस समस्या को गंभीरता से लेते हुए जल्द ही इस ओर कार्रवाई करने के निर्देश नपा सीएमओ रवि प्रकाश श्रीवास्तव को दिए। ज्ञात हो कि नगर में आवारा कुत्तों की संख्या बढ़ गई है और इसे नागरिकों छोटे बच्चों और महिलाओं बुजुर्गों को भय बना रहता है। इसी तरह इक्का-दुक्का गलियों में आवारा सुअर घूमते दिखाई दे रहे हैं।

नपा द्वारा पूर्व में सुअरों को पकड़वाकर नगर से बाहर भिजवा दिया गया था। लेकिन अब फिर आवारा कुत्तों और सुअरों की शिकायत मिलने लगी है। इन सभी बातों को ध्यान में रखते हुए नपा द्वारा इस समस्या को गंभीरता से ले लिया गया है। नपाध्यक्ष शशि अनिल यादव की अध्यक्षता में हुई परिषद की बैठक के दौरान विशेष निधि अंतर्गत विभिन्न वार्डों में सीसी रोड एवं सीसी रिनेवल कोट निर्माण कार्य करने, विशेष निधि अंतर्गत विभिन्न वार्डों में सीसी रोड निर्माण कार्य कराये जाने का निर्णय लिया गया। इसके अलावा नवीन बस स्टेंड का नाम श्री महाराणा प्रताप बस स्टैंड रखने एवं नपा रिकार्ड में दर्ज किये जाने, डोर टू डोर कचरा कलेक्शन एवं कचरा निष्पादन इकाईयों के सचांलन हेतु निजी ऐजेंसी को कार्य देने, डोर टू डोर कचरा कलेक्शन एवं कचरा निष्पादन इकाई के कार्य की समीक्षा, डोर टू डोर कचरा कलेक्शन उपभोक्ता प्रभार की व्यवसायिक दरों में संशोधन आदि पर विचार विमर्श कर इन्हें हरी झंडी दे दी गई।

## ईको फ्रेंडली मूर्ति निर्माण के लिए प्रदूषण बोर्ड के सहयोग से नपा ने लगवाई कार्यशाला



**गंजबासौदा।** बुधवार को नगर पालिका परिषद द्वारा ईको फ्रेंडली मूर्ति के निर्माण के लिए मध्यप्रदेश प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के सहयोग से सेंट एस आरएस पब्लिक हायर सेकेंडरी स्कूल में एक दिवसीय कार्यशाला लगवाई गई। इस कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य प्लास्टर ऑफ पेरिस के उपयोग को रोकना और मिट्टी की प्रतिमाओं के ज्यादा से ज्यादा निर्माण को जोर देना था। कार्यशाला में मूर्ति विशेषज्ञ अशोक भारद्वाज द्वारा मूर्तिकारों, आम लोगों एवं स्कूल के छात्रों को मिट्टी के मूर्ति बनाने का प्रशिक्षण दिया गया एवं त्रिलोक भट्ट द्वारा कठपुतली एवं नुक्कड़ नाटक के माध्यम से लोगों को जागरूक किया गया। इस अवसर पर अरविन्द कुमार वैज्ञानिक, म.प्र. प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड द्वारा लोगों को प्लास्टर ऑफ पेरिस (पीओपी) से बनी मूर्ति के पर्यावरण को होने वाले हानिकारक प्रभावों से अवगत कराया गया। इस अवसर पर बताया गया कि पीओपी और अन्य हानिकारक पदार्थों से बनी मूर्तियों के विसर्जन से जल प्रदूषण होता है जबकि इको-फ्रेंडली मूर्तियाँ प्राकृतिक रूप से विघटित हो जाती है और जल स्रोतों को प्रदूषित नहीं करती हैं। इको फ्रेंडली मूतियों में कोई हानिकारक रसायन नहीं होते हैं और वे पूरी तरह से प्राकृतिक सामग्री से बनी होती हैं जो मानव स्वास्थ्य के लिए सुरक्षित है। कार्यशाला में नपा स्वच्छता अधिकारी राजेश कुमार नेमा ने बताया कि नपा अध्यक्ष शशि अनिल यादव ने पत्र लिखकर प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड से उक्त कार्यशाला लगाए जाने की बात कही थी, जिसके बाद आज यह कार्यशाला लगाई जा रही है। उन्होंने मिट्टी की मूर्ति निर्माण पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि मिट्टी से मूर्ति बनाने पर हमारे मूर्तिकारों को रोजगार मिलता है। कार्यक्रम के दौरान नपा सीएमओ रवि प्रकाश श्रीवास्तव, सेंट एसआरएस स्कूल के संचालक केएएस यादव, प्राचार्य उमेश यादव दिनकर कद्दे, प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के राजा लल्लन सिंह के अलावा विद्यार्थीगण मौजूद रहे। कार्यशाला के दौरान विद्यार्थियों द्वारा मिट्टी की श्री गणेश की सुंदर प्रतिमाऐं अपने हाथों से बनाई गई।

## रैली निकालकर किया एसडीएम कार्यालय में प्रदर्शन, सौंपा ज्ञापन

# किसानों की समस्याओं को लेकर कांग्रेसी पिंड भरकर पहुंचे तहसील





हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

किसानों को पर्याप्त यूरिया, डीएपी खाद नहीं मिलने, बीमा का असामान्य वितरण और अन्य समस्याओं को लेकर कांग्रेस पार्टी के पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने बुधवार को विरोध प्रदर्शन किया। जिसमें रैली के रूप में आए कांग्रेस जिलाध्यक्ष मोहित रघुवंशी, पूर्व विधायक निशंक जैन, अमित मेहता, जगदीश व्यास, बीडी शर्मा, सुरजीत सेन, राहुल ठाकुर मुख्य मार्ग से पिंड भरते हुए तहसील परिसर पहुंचे। जहां कार्यालय का घेराव एवं नारेबाजी करते हुए एसडीएम विजय राय को ज्ञापन सौंपा। कांग्रेस ने किसानों की विभिन्न समस्याओं को उजागर किया। पूर्व विधायक निशंक कुमार जैन ने कहा कि किसानों को प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना का पूरा लाभ नहीं मिल रहा है। उन्होंने बताया कि 23-24 में सोयाबीन और गेहूं के लिए प्रीमियम जमा कराने के बावजूद कई किसानों को मुआवजे के रूप में मात्र 50 से 100 रुपए प्रति एकड़ की राशि मिली। जबकि कई गांव बीमा क्लेम से वंचित हैं। कांग्रेस ने किसानों के लिए 3000 रुपए प्रति बीघा बीमा राशि की मांग की है। साथ ही खाद की बढ़ती कीमतों पर भी चिंता जताई। उन्होंने बताया कि कमलनाथ सरकार में डीएपी और यूरिया की कीमतें कम थीं, जबकि वर्तमान भाजपा सरकार में कीमतें काफी बढ़ गई हैं और बोरी का वजन भी घटा दिया गया है। ज्ञापन में बताया गया कि प्राथमिक कृषि साख सहकारी समितियों में खाद की कमी है, जिसके कारण खुले बाज़ार में डीएपी 2000 रुपए और यूरिया 450 रुपए में बिक रही है। कांग्रेस ने मांग की है कि रबी फसल की बुवाई के लिए पर्याप्त मात्रा में खाद उपलब्ध कराई जाए और 2025 में अतिवृष्टि से नष्ट हुई खरीफ फसलों का मुआवजा भी दिया जाए। उन्होंने चेतावनी दी कि केन्द्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान के विदिशा आगमन पर अब कांग्रेस कार्यकर्ता उनके सामने भी प्रदर्शन कर किसानों की समस्याएं रखेंगे। इस प्रदर्शन में पूर्व मंत्री वीरसिंह रघुवंशी, बीना के पूर्व विधायक प्रभुसिंह ठाकुर, किसान कांग्रेस के जिलाध्यक्ष बहादुर सिंह दांगी, बीडी शर्मा, कमलनाथ ब्रिगेड के अमित मेहता, मंजू कुशवाह, सरिता आर्य, राजकुमार सेन, अपूर्व जैन, प्रवेश जैन, शेरू राजपूत, प्रकाश मिश्रा, लखन लोधी सहित बडी संख्या में कांग्रेस जन मौजूद थे।

# श्वेताम्बर जैन समाज के नौ दिवसीय पर्युषण पर्व प्रारंभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

श्वेतांबर जैनसमाज के आत्म शुद्धि के कल्याणकारी पर्वाधिराज पर्युषण महापर्व बुधवार से प्रारंभ हो गए। 9 दिवसीय पर्युषण पर्व के सभी धार्मिक एवं सामाजिक कार्यक्रम गांधी चौक स्थित समाज के मंदिर में संपन्न होंगे। समाज प्रवक्ता अशोक शाह ने बताया कि आत्म शुद्धि के लिये समाज के श्रद्धालु व्रत 'उपवास रख कर अपने तन-मन को तपाकर प्रभु की भक्ति एवं आराधना करेंगे। पर्व के दौरान आर्य रक्षित जैन तत्वज्ञान विद्यापीठ मुंबई से आए आराधक मूलचन्द भाई एवं ललित भाई वीरा के सानिध्य में प्रातः 6:30 बजे से परमात्मा के अभिषेक एवं पूजन प्रातः 9 बजे से भक्ताम्बर पाठ एवं कल्पसूत्र कांचन दोपहर 2 बजे से सिद्ध चक्र आराधना बड़ी पूजन रात्रि 8 बजे से-भक्ति के कार्य एवं महाआरती 21अगस्त सिद्धाचल छैः गांव यात्रा, 22 को दोपहर 2 बजे से सकल संघ द्वारा स्नात्र महोत्सव एवं पालकी जी का उपाश्रय हॉल में प्रवेश 23 अगस्त दोपहर 1:30 बजे से पालकी शोभायात्रा 24 अगस्त दोपहर 2 बजे भगवान महावीर स्वामी का जन्मोत्सव एवं 14 चौदह सपनों की बोलियां होंगी। 25 अगस्त दोपहर 2 बजे महिला मंडल द्वारा विशेष पूजन, 27 अगस्त श्रद्धालुओं द्वारा प्रतिक्रमण कार्यक्रम होंगे।

# हत्या के प्रयास के आरोपी को पुलिस ने पकड़ा



हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशन एवं एसडीओपी शिखा भलावी के मार्गदर्शन में त्योंदा थाना प्रभारी निरीक्षक बबीता सिंह चौधरी के नेतृत्व में पुलिस टीम त्योंदा द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए धारा 296,115(2), 351(2), 118(1), 3(5), BNS इजाफा धारा 109 BNS के आरोपी चन्द्रेश तिवारी उम्र 42 साल निवासी ग्राम घटेरा को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया।

प्रकरण में दिनाँक 8 जून 25 को फरियादी रामप्रवेश तिवारी उम्र 38 साल निवासी घटेरा ने रिपोर्ट किया कि आरोपी रामसेवक तिवारी, चन्द्रेश तिवारी, देवराज तिवारी, सुरभी तिवारी, अनुराग तिवारी, एवं एक महिला तिवारी द्वारा फरियादी एवं फरियादी के पिता महेश तिवारी, भाई कुन्जविहारी तिवारी, पत्नि के साथ गंदी गालियाँ देकर फर्सा व डण्डों से मारपीट कर जान से मारने की धमकी देने की रिपोर्ट की थी। जिस पर धारा 296,115(2), 351(2), 118(1), 3(5), BNS. का पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। विवेचना के दौरान कुंज बिहारी की चोट गंभीर व जीवन घातक चोट होने से प्रकरण में धारा 109 BNS की गई एवं आरोपी चन्द्रेश तिवारी उम्र 42 साल निवासी ग्राम घटेरा को गिरफ्तार कर न्यायालय गंजबासौदा पेश किया गया। उक्त कार्रवाई में थाना प्रभारी बबीता सिंह चौधरी, रविन्द्र सिंह तोमर, अखिलेश शुक्ला, शिवम तोमर की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

## नवांकुर, डॉल्फिन के 6 विद्यार्थी राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में चयनित



**गंजबासौदा।** संभाग स्तरीय शतरंज प्रतियोगिता का आयोजन 18 एवं 19 अगस्त को सीहोर के ब्लू बर्ड विद्यालय में किया गया, जिसमें नवांकुर डॉल्फिन स्कूल के 17 विद्यार्थियों ने सहभागिता करते हुए उत्कृष्ट प्रदर्शन किया, जिनमें से पाँच विद्यार्थियों का चयन राज्य स्तरीय शतरंज प्रतियोगिता के लिए किया गया है। चयनित विद्यार्थियों में मान्या दीक्षित, मंजरी जायसवाल, इशिता गुप्ता, तनिष्क रघुवंशी, आराध्या गुप्ता के नाम शामिल है। इन विद्यार्थियों के राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के लिए चयनित होने में विद्यालय के शतरंज प्रशिक्षक नितिन रघुवंशी का बहुत बड़ा योगदान रहा है। यह जानकारी विद्यालय के क्रीड़ा प्रभारी विजय शर्मा ने देते हुए बताया कि राज्य स्तरीय प्रतियोगिता का आयोजन 22 सितंबर से 26 सितंबर तक सीहोर में ही किया जायेगा। उधर विदिशा में 18 एवं 19 अगस्त को ताइक्वांडो प्रतियोगिता का संभाग स्तरीय आयोजन किया गया। जिसमें डॉल्फिन स्कूल के जागृत रघुवंशी ने गोल्ड मेडल जीतकर राज्य स्तरीय ताइक्वांडो प्रतियोगिता के लिए अपना स्थान सुनिश्चित किया। जागृत की उपलब्धि में प्रशिक्षक हेमंत विश्वकर्मा की महत्वपूर्ण भूमिका रही। विद्यालय परिवार ने राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के लिए चयनित सभी विद्यार्थियों को बधाई और शुभकामनाऐं देकर उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

## रक्षा समिति की बैठक संपन्न



**गंजबासौदा।** ग्राम नगर रक्षा समिति देहात थाना क्षेत्र के सक्रिय सदस्यों की आवश्यक बैठक देहात थाना परिसर में आयोजित की गई है। बैठक में रक्षा समिति के प्रांतीय संयोजक दीपक तिवारी, देहात थाना प्रभारी मनोज दुबे विशेष रूप से उपस्थित थे। बैठक में दीपक तिवारी ने सदस्यों द्वारा किए जा रहे कार्यों की सहायता करते हुए कहा कि हमारे सदस्य निःशुल्क निस्वार्थ भाव से पुलिस के साथ कंधे से कंधा मिलाकर ड्यूटी कर रहे हैं। यह बहुत बड़े गर्व और गौरव की बात है। सक्रिय सदस्यों को ट्रेनिंग देकर के सिक्योरिटी गार्ड के रूप में इनको मानदेय की व्यवस्था की जाएगी। थाना प्रभारी मनोज दुबे ने बताया कि सक्रिय सदस्यों के नवीन फॉर्म भर के विधिवत नियुक्ति पत्र दिए जाएंगे एवं निश्चित पहचान एवं नवीन आई कार्ड प्रदान करेंगे।

## बिना बारिश फसलें हो रही थीं प्रभावित, अब मिली अच्छी राहत

# नगर में तीन घंटे तक हुई झमाझम बारिश





हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

बुधवार को नगर सहित इलाके भर में लगभग ढाई से तीन घण्टे तक झमाझम बारिश हुई। इस बारिश ने मौसम की जानकारी देने वाली वेबसाइट के पूर्वानुमान सटीक साबित किए। इस बारिश से किसानों एवं फसलों को काफी राहत मिल गई है और नागरिकों को भी गर्मी एवं उसम से राहत मिली है। नगर सहित आसपास के क्षेत्र में लगातार मूसलाधार बारिश से पचमा बायपास स्थित पारासरी नदी एवं नाले उफान पर आ गए। पाराशरी नदी पर चौड़ीकरण एवं गहरीकरण के बाद आज हुई लगातार तेज बारिश के बावजूद कहीं भी परेशानी भरा जलभराव नहीं हुआ और नालों एवं नालियों के माध्यम से पूरा बरसाती पानी नदी में जा समाया। बारिश के बाद नदी के जल बहाव को नगर पालिका अध्यक्ष शशि अनिल यादव ने मौके पर पहुंचकर देखा। यहां उल्लेखनीय है कि इलाके के अधिकांश क्षेत्र में एक सप्ताह से अच्छी बारिश न होने से फसलें प्रभावित होने लगी थीं और उनके फूल एवं फलियां मुरझाने की स्थिति में आ गए थे। वहीं तेज धूप के चलते चिलचिलाती गर्मी और उमस से लोगों को भी परेशानियों और बीमारियों का सामना करना पड रहा है। ऐसे में किसान अपनी फसलों को लेकर चिंतित हो रहे थे। इसलिए किसान अब लगातार अच्छी बारिश की कामना कर रहे थे। हांलाकि एक वेबसाइट ने बुधवार को तेज बारिश का ऑरेंट अलर्ट के संकेत दिए थे और आज झमाझम बारिश से किसानों के चेहरे खिल उठे हैं। अब आगामी दिनो में भी अच्छी बारिश के संकेत मिल रहे हैं।

## जलभराव से परेशान होकर नागरिकों ने किया प्रदर्शन



**गंजबासौदा।** राजेन्द्र नगर स्थित जेल रोड पर सडक के दोनों ओर सडक निर्माण एजेंसी द्वारा नाले का निर्माण नहीं किया गया है। जिससे बुधवार को हुई तेज बारिश के कारण सडक के दोनों ओर के घरों में पानी भर गया। नाला निर्माण न होने और हर बरसात में पानी भरने की समस्या से परेशान रहवासियों ने बुधवार की शाम चक्काजाम कर प्रदर्शन शुरू कर दिया। जिससे सडक पर वाहनों की लाइन लग गई। बाद में एसडीएम विजय राय ने मौके पर पहुंचकर नागरिकों को समझाइश दी और उनका प्रदर्शन समाप्त कर सडक यातायात बहाल कराया।


## कार्यालय नगर पालिका परिषद् गंजबासौदा
## जिला विदिशा (म.प्र.)

नगर पालिका भवन, पुराना मेला ग्राउण्ड, शा. राजीव गांधी जनचिकित्सालय के पीछे, वार्ड क्र 15 गंजबासौदा

Email : cmoganjbasoda@mpurban.gov.in ☎ 07594-221104

ई-निविदा आमंत्रण सूचना

क्र.4715/SWM/2025 गंजबासौदा दिनांक 19/8/2025

नगर पालिका परिषद गंजबासौदा द्वारा निम्न कार्य हेतु ई-निविदा का आमंत्रण किया गया है जिसका विवरण निम्नानुसार है।

| ई-निविदा क्र. | कार्य का विवरण | कार्य की अनुमानित लागत | अमानत राशि | ई-निविदा प्रपत्र का मूल्य | ई-निविदा क्रय अंतिम दिनांक |
|---|---|---|---|---|---|
| 2025_UAD_444738_1 | निकाय में सूचना, शिक्षा एवं संचार गतिविधियों का संचालन एवं दस्तावेजीकरण कार्य। | 2000000.00 | 15000.00 | 2000.00 | 13.09.2025 |

निविदा प्रपत्र क्रय, डाउनलोड, करने एवं निविदा से संबंधित समस्त शर्तों एवं जानकारी mptenders.gov.in से एवं नगर पालिका परिषद गंजबासौदा की स्वास्थ्य शाखा से प्राप्त की जा सकती है। इसके बाद किसी प्रकार का संशोधन होने पर बेवसाईट पर या कार्यालय से जानकारी प्राप्त होगी संशोधन का प्रकाशन समाचार पत्र में नहीं किया जावेगा।

मुख्य नगर पालिका अधिकारी
चगर पालिका परिषद गंजबासौदा

## खबर संक्षेप

### भारतीय शैली कुश्ती संघ के प्रदेश महासचिव का सागर आगमन आज

**सागर।** भारतीय शैली कुश्ती संघ के प्रदेश महासचिव अर्जुन यादव, प्रदेश अध्यक्ष कपिल मलैया से भेंट करने को जबलपुर से सागर पधार रहें है। उनके साथ प्रदेश पदाधिकारी सदस्य राकेश यादव, किशोरी खलीफा, प्रवीण पहलवान, नर्वद काछी आ रहे है। यह भेंट वार्ता 21 अगस्त दिन गुरुवार, समय दोपहर 12 बजे, स्थान मैजिस्टिक प्लाजा तिलकगंज, सागर में होगी। भेंट वार्ता में प्रदेश व राष्ट्र में भारतीय शैली कुश्ती को बढ़ाने की आगे की रूपरेखा पर विस्तार से चर्चा होगी । इस दौरान सागर इकाई प्रदेश सह सचिव कौशल सोनी पहलवान, विनय जैन पहलवान, अभिषेक साहू, ज्ञानी पहलवान, इन्द्रपाल सिंह ठाकुर, अभिमन्यु पहलवान एवं अन्य सदस्यों के साथ भी बैठक होगी ।

### नच बलिये सीजन 12 : डांस, सिंगिंग फैशन शो के ऑडिशन हुए

**सागर ।** मनवानी फिल्म्स द्वारा अपने बच्चो की प्रतिभा निखारने एवं मंच प्रदान करने का 17 अगस्त 2025 रविवार को होटल दीपक सिविल लाइन में ऑडिशन हुए । डायरेक्टर राजेश मनवानी ने बताया की टोटल 69 बच्चे, युवक, युवतियों व 60 साल से ऊपर के प्रतिभागियों ने ऑडिशन दिए जिसमे 59 प्रतिभागियों को चुना गया । जो अपनी कला का जौहर 24 अगस्त 2025 दिन रविवार को रविन्द्र भवन में अपनी कला का जौहर दिखाएंगे इसमें लगभग वे बच्चे ज्यादा आये जिसने कभी भी मंच पर कोई परफार्म नहीं दिया । सिंगिंग ऑडिशन में सुश्री सीमा सेन, पाश्र्व गायक सईद खान, अंजलि, प्रवीण श्रीवास्तव थे । फैशन शो में सुश्री श्वेता ठाकुर, श्रीमती दीपा ठाकुर, श्रीमती माया जैस्वाल थी । सिंगिंग ऑडिशन में जब हम जवान होंगे, तुम मिले प्यार से, तौबा ये मतवाली चाल, बरखा रानी जरा जमकर बरसों, प्यार का मौसम आया जैसे गीतों की छड़ी लगा दी छोटे से लेकर बड़ो ने दिया ऑडिशन बड़ों से लेकर युवतियों में गजब का उत्साह दिखा। फैशन शो में रंग-बिरंगे परिधानों में दिखे।

### कलेक्टर के निर्देश पर निजी विद्यालयों का निरीक्षण दूसरे दिन अमले ने की पड़ताल

# निजी विद्यालयों की विद्यार्थियों से ली जाने वाली शुल्क गणवेश और पुस्तकों की सूक्ष्मता के साथ जांच जारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ सागर



कलेक्टर संदीप जी आर के निर्देश पर जिले के सभी निजी विद्यालयों की जांच की जा रही है जिसमें मुख्य रूप से निजी विद्यालयों द्वारा विद्यार्थियों से ली जाने वाली शुल्क, गणवेश एवं विद्यालय में चलने वाले पुस्तकों की सूक्ष्मता से जांच की जा रही है। जिला शिक्षा अधिकारी अरविन्द जैन ने बताया कि कलेक्टर संदीप जी आर के निर्देश पर जिले के समस्त राजस्व अधिकारियों एवं अन्य अधिकारियों के संयुक्त दल द्वारा निजी विद्यालयों का आकस्मिक निरीक्षण किया जा रहा है। निरीक्षण में मुख्य रूप से मध्यप्रदेश निजी विद्यालय फीस एवं संबंधित विषयांश विनिमय अधिनियम 2017, अधिनियम 2018 एवं अधिनियम 2020 के तहत फीस वृद्धि, एनसीईआरटी की पुस्तकें एवं यूनिफॉर्म क्रय करने के संबंध में जांच की जा रही है। उन्होंने बताया कि आज सागर शहर की एसडीएम अदिति यादव एपीसी अभय श्रीवास्तव, बीआरसी अनिरुद्ध डिमा एवं बीएसी राघवेन्द्र सिंह के संयुक्त दल ने पारस विद्या विहार, एमएम रीजनल विद्यालय का निरीक्षण किया गया। इसी प्रकार बीना एसडीएम विजय डेहरिया ने भी बीना के निजी विद्यालय का निरीक्षण किया। कलेक्टर संदीप जी आर के द्वारा जिले के समस्त एसडीएम के द्वारा निरीक्षण करने के निर्देश दिए गए हैं जिसके परिपेक्ष में सभी के द्वारा लगातार निजी विद्यालयों का निरीक्षण किया जा रहा है।

निरीक्षण में ऑनलाइन फीस की एण्ट्री, ऑफ लाइन फीस एण्ट्री, एनसीईआरटी की पुस्तकों की उपलब्धता एवं शैक्षणिक अध्ययन के संबंध में विस्तार से जानकारी ली गई साथ ही विद्यालयों कें कक्षाओं में जाकर विद्यार्थियों से फीस, गणवेश पुस्तकों के संबंध में जानकारी ली गई साथ ही विद्यार्थियों से शैक्षणिक अध्ययन एवं विद्यालय गतिविधियों के संबंध में जानकारी भी ली गई।

कलेक्टर संदीप जी आर ने निर्देश दिए कि सभी निजी विद्यालयों का निरीक्षण लगातार किया जाए एवं अनियमित्ताएं पाए जाने पर कड़ी कार्यवाही सुनिश्चित की जाए इसी प्रकार सभी शासकीय विद्यालयों का निरीक्षण लगातार किया जावे एवं अनुपस्थित शिक्षकों एवं अन्य अनियमित्ताएं होने पर कार्यवाही सुनिश्चित की जाए।



## एनसीसी संयुक्त वार्षिक प्रशिक्षण शिविर का शुभारंभ, 500 कैडेट्स ले रहे भाग

**सागर।** मध्यप्रदेश बालिका बटालियन एन.सी.सी. सागर के तत्वावधान में 10 दिवसीय संयुक्त वार्षिक प्रशिक्षण शिविर (सी.ए.टी.सी क्रमांक-181) का आयोजन 18 अगस्त से 27 अगस्त तक एस.के.एन. यूनिवर्सिटी, सिरोजा में किया जा रहा है। इस शिविर में लगभग 500 कैडेट्स सीनियर विंग, जूनियर विंग एवं बेस्ट कैडेट्स भाग ले रहे हैं। शिविर में कैडेट्स को फायरिंग, ड्रिल, मैप रीडिंग, टेंट पिचिंग, ओ.टी., पी.टी., योगा सहित विभिन्न समसामयिक विषयों का प्रशिक्षण प्रदान किया जा रहा है। साथ ही, उनके सर्वांगीण विकास के लिए वाद-विवाद, एकल नृत्य, नाटक, चित्रकला आदि प्रतियोगिताओं का भी आयोजन किया गया है, जिससे उनकी प्रतिभा को निखारा जा सके। एन.सी.सी. के ए, बी एवं सी सर्टिफिकेट परीक्षाओं में सम्मिलित होने हेतु इस प्रकार के वार्षिक प्रशिक्षण शिविरों में भाग लेना अनिवार्य होता है। इस प्रशिक्षण के माध्यम से कैडेट्स में अनुशासन, राष्ट्र प्रेम, आपसी मेल-जोल और एकता की भावना विकसित होती है। शिविर के पश्चात उनके भीतर साहस, आत्मविश्वास और नेतृत्व क्षमता में भी उल्लेखनीय वृद्धि होती है, जो उन्हें भविष्य में सफल नागरिक बनने की दिशा में प्रेरित करती है। यह शिविर कैंप कमांडेंट कर्नल सुजीत डी. देशमुख एवं डिप्टी कैंप कमांडेंट मेजर प्रतिभा तिवारी के कुशल मार्गदर्शन में संचालित हो रहा है। शिविर की व्यवस्थाओं में सूबेदार मेजर धनत्तर सिंह, एडम सूबेदार मेजर सतीश कुमार, समस्त पी.आई. स्टाफ, ए.एन.ओ. एवं सिविल स्टाफ सक्रिय रूप से सहयोग कर रहे हैं।



## कलेक्टर ने किया भू-अर्जन शाखा का निरीक्षण

**सागर।** कलेक्टर संदीप जी आर ने भू-अर्जन शाखा का निरीक्षण किया और संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे भू-अर्जन प्रकरणों का समय पर निराकरण करें। उन्होंने जोर दिया कि इन प्रकरणों में नियम और प्रक्रिया का गंभीरता से पालन किया जाना चाहिए। कलेक्टर ने कहा कि भू-अर्जन के लंबित प्रकरणों को प्राथमिकता से और तेजी से निपटाया जाए और सुनिश्चित किया जाए कि सभी आवश्यक दस्तावेज अद्यतन और व्यवस्थित हों।कलेक्टर संदीप जी आर ने मुआवजा वितरण के संबंध में निर्देश देते हुए कहा कि भू-अर्जन प्रकरणों में मुआवजा राशि का भुगतान समय पर और पूरी पारदर्शिता के साथ किया जाना चाहिए इस हेतु लगातार कार्य किया जाए। उन्होंने निर्देश दिए कि मुआवजा राशि के भुगतान में किसी भी प्रकार की देरी या अनियमितता नहीं होनी चाहिए और प्रभावित व्यक्तियों को उनकी हकदारी के अनुसार मुआवजा मिलना चाहिए। उन्होंने कहा कि मुआवजा राशि के भुगतान के दौरान सभी आवश्यक कानूनी और प्रशासनिक प्रक्रियाओं का पालन किया जाना चाहिए तथा मुआवजा का वितरण पूरी पारदर्शिता एवं शुद्धता के साथ किया जाए। उन्होंने कहा कि मुआवजा राशि के वितरण में अनावश्यक देरी अथवा लापरवाही बरतने वाले अधिकारी/ कर्मचारियों के विरुद्ध अनुशासनात्मक कार्यवाही की जावेगी। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने उल्दन/बंडा परियोजना, जेरा परियोजना, आपचंद मध्यम परियोजना, हनौता सिंचाई परियोजना, वीरांगना रानीदुर्गा टाइगर रिजर्व परियोजना के संबंध में जानकारी प्राप्त की।

# रक्षाबंधन सुरक्षा, सम्मान और परंपरा का पर्व है: अविराज सिंह

हरिभूमि न्यूज ⏭ सागर

भाजपा के युवा नेता अविराज सिंह नेखुरई के शासकीय उ.मा. कस्तूरबा कन्या छात्रावास, शासकीय उत्कृष्ट कन्या छात्रावास में छात्राओं से राखी बंधवाई। तदोपरांत बरोदिया कलां में बरोदिया हाइवे फिलिंग स्टेशन, एवं शिव शक्ति इलैक्ट्रिकल्स एंड मशीनरी स्टोर का शुभारंभ किया।

अविराज सिंह ने अपने संबोधन में छात्राओं से कहा कि रक्षाबंधन एक ऐसा पर्व है। जिसमें एक भाई अपनी बहन के हर सुख दुख में साथ देता है। रक्षाबंधन भाई बहन के पवित्र रिश्ते और रक्षा का प्रतीक है, भाई बहन के पवित्र बंधन का उत्सव है इस त्यौहार को सदियों पुराना माना जाता है रक्षाबंधन सुरक्षा सम्मान और परंपरा का पर्व है। उन्होंने कहा



कि शिक्षा केवल स्कूल, कॉलेज और नौकरी तक सीमित नहीं है शिक्षा जीवनरूपी संघर्ष के लिये तैयार करती है, हमारे खाली मन में संस्कार भरती है इसलिए जितना हम शिक्षित होंगे, हमारा राष्ट्र उतना ही आगे बढ़ेगा। स्वामी विवेकानंद जी ने कहा था कि एक आदर्श युवा वह होता है जिसके हाथों में शक्ति, पैरों में गति, हद्य में ऊर्जा और आंखों में सपने होते है।

कार्यक्रम में नगर मंडल अध्यक्ष राहुल चौधरी, ग्रामीण मंडल अध्यक्ष रविन्द्र राजपूत, पार्षद श्रीमती रेखा अहिरवार, कमलेश यादव, रजनी विश्कर्मा, प्रवीण जैन, सुरेन्द्र राजपूत, सुनील राय, रामशास्त्री, गौरव राय, बिट्टू राजपूत, कृष्णा साहू, रितिक कुशवाहा, मिंदर रजक, कपिल कुशवाहा, काशीराम अहिरवार, यशदीप अहिरवार, वैभव नामदेव, अंकित द्विवेदी, दीपू पड़रई, नीतिराज पटैल, इन्द्रराज ठाकुर, काशीराम अहिरवार, प्रभात सिंह धनौरा, बीआरी राजेन्द्र सेंगर, बीईओ आर.एस. शर्मा, संकुल प्राचार्य रविकांत असाटी, श्रीमती गायत्री शाक्य, ओमकार कुशवाहा, डॉ. विनोद राय, गोपाल विश्वकर्मा, सीएमओ राजेश मेहतेले, पुष्पेन्द्र सिंह, सोनू चंदेल, गणेश पटैल, अखिलेश पटैल, दिनेश नामदेव, मेहरवान अहिरवार सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

## कक्षा 10वीं व नवीन विषयों के शिक्षकों का द्वितीय मासिक प्रशिक्षण आयोजित

हरिभूमि न्यूज ⏭ सागर

कक्षा दसवीं एवं नवीन विषयों में अध्यापन कराने वाले शिक्षकों के लिए द्वितीय मासिक प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। यह प्रशिक्षण जिले के समस्त विद्यालयों से आए 227 शिक्षकों की उपस्थिति में संपन्न हुआ। प्रशिक्षण में मास्टर ट्रेनर अरविंद गोस्वामी, राजेंद्र अहिरवार, दीपा अहिरवार एवं नीलू जैन द्वारा आगामी 28 अगस्त से प्रारंभ होने वाली मासिक परीक्षा हेतु प्रश्न पत्र निर्माण की प्रक्रिया को स्पष्ट किया गया। साथ ही त्रैमासिक परीक्षा में पूछे जाने वाले विषय-वस्तु की समीक्षा कर कठिन बिंदुओं को सरलता से विद्यार्थियों को समझाने के विभिन्न तरीकों पर चर्चा की गई।ए.पी.सी. आरएमएसए चौबे ने सभी शिक्षकों को प्रशिक्षण को गंभीरता से पूर्ण करने की प्रेरणा दी। मास्टर ट्रेनर दीपा अहिरवार ने परिसंचरण तंत्र, हृदय की संरचना एवं कार्यप्रणाली, उत्सर्जी तंत्र एवं उत्सर्जन प्रक्रिया जैसे जटिल विषयों पर विस्तारपूर्वक चर्चा की। इसके साथ ही, कक्षा 10वीं के अंग्रेजी विषय पढ़ाने वाले शिक्षकों के लिए रविंद्र भवन, सागर में एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला का उद्देश्य त्रैमासिक परीक्षा की प्रभावी तैयारी एवं परीक्षा परिणाम में गुणात्मक सुधार हेतु रणनीतियों का प्रशिक्षण देना था। प्रशिक्षण में प्रश्न पत्र निर्माण, आदर्श उत्तर लेखन, अधिक अंक अर्जन की तकनीकों पर कार्यशाला आयोजित की गई। इसमें जिले के 11 ब्लॉकों के 139 अंग्रेजी विषय के नियमित शिक्षकों ने भाग लिया। जिला एडीपीसी अभय श्रीवास्तव द्वारा परीक्षा परिणामों में सुधार लाना बताया।

## एसडीएम बच्चों को दिलाएंगे सीएम बाल आशीर्वाद योजना का लाभ

हरिभूमि न्यूज ⏭ शमशाबाद

एसडीएम अजय प्रताप सिंह ने मानवता की मिसाल कायम की। बच्चों को मुख्यमंत्री बाल आशीर्वाद योजना में पंजीयन कराकर लाभ दिलाने का आश्वासन दिया।

ग्राम रुसल्ली निवासी लालाराम जोगी दो छोटे-छोटे बच्चों को साथ लेकर एसडीएम कार्यालय में घूम रहे थे। तभी अचानक एसडीएम अजय प्रताप सिंह की इन पर नजर पड़ी तो उन्होंने अपने ऑफिस में बुलाकर समस्या पूछी। लालाराम जोगी ने बताया कि सितम्बर 2024 में उनके बेटे मुकेश जोगी की बिजली का करंट मृत्यु हो गई थी जिसके तीन बच्चे हैं। जिनमें यशिका जोगी 6 वर्ष, गुनगुन जोगी 4 वर्ष, नंदन जोगी डेढ़ वर्ष है। मुकेश की पत्नी काजल जोगी 8 माह पहले तीनों बच्चों को छोड़कर चली गई।

उसने दूसरी शादी कर ली है। तीनों बच्चे बेसहारा हो गए हैं। तीनों बच्चों का पालन पोषण दादा दादी कर रहे हैं। जिस पर एसडीएम अजय प्रताप सिंह ने बच्चों को सभी दस्तावेज तैयार कराने के निर्देश दिए व तीनों बच्चों को मुख्यमंत्री बाल आशीर्वाद योजना में आवेदन कर लाभ दिलाया जाएगा।

## किसानों की समस्याओं को लेकर सौंपा ज्ञापन

**कुरवाई।** भारतीय किसान संघ तहसील कुरवाई द्वारा बुधवार को सैकड़ों किसानों ने जरगुआ रोड से बस स्टैंड ,बीना तिगड्डा होते हुए तहसील तक बाइक रैली निकालकर एसडीएम नितिन जैन को किसानों की विभिन्न समस्याओं को लेकर ज्ञापन सौंपा। भारतीय किसान संघ की तहसील अध्यक्ष राकेश सिंह रघुवंशी ने ज्ञापन के दौरान बताया भारतीय किसान संघ एक गैर राजनीतिक राष्ट्रवादी संगठन है जो समय-समय पर किसानों की समस्याओं से शासन प्रशासन को अवगत कराता आया है। कुरवाई तहसील में अति



वृष्टि के कारण सोयाबीन मक्का उड़द आदि फसले सत प्रतिशत बर्बाद हो गई हैं। शीघ्र सर्वे कराकर मुआवजा एवं प्रधानमंत्री फसल बीमा दिया जाए। सोसाइटियों के माध्यम से किसानों को पर्याप्त खाद उपलब्ध नहीं हो रहा है। लावारिस पशुधन के कारण किसानों की फसले चौपट हो रहीं हैं। बार-बार प्रशासन को अवगत कराने के बाद भी इस पर कोई ठोस कदम नहीं नहीं लिया गया है। जल समस्याओं की निराकरण की मांग किसान संघ ने की। ज्ञापन सौंपने वाल में जिला से मंत्री रितेश जैन, जिला सदस्य संजीव राजपूत तहसील अध्यक्ष राकेश रघुवंशी, अरविंद सिंह, शिव दयाल लोधी, रवि राजपूत ,यशवंत सिंह,वीरेंद्र राजपूत, निरपत सिंह आदि किसान शामिल रहे।

# परिषद की हालत बदतर, इंजीनियर विरुद्ध आगामी बैठक में निंदा प्रस्ताव की मांग की

हरिभूमि न्यूज ⏭ कुरवाई



इंजीनियर गौरव कुमार के खिलाफ आगामी बैठक में निंदा प्रस्ताव पारित करने के संबंध में कुरवाई नगर परिषद की पार्षद एवं पार्षद प्रतिनिधियों ने सीएमओ जाहिद अली को आवेदन सौंपा है।

वार्ड 10 की पार्षद इलयास मोहम्मद द्वारा आवेदन में उल्लेख कर कई आरोप लगाए है निकाय में पदस्थ उपयंत्री द्वारा नियम विरूद्ध गैर कानूनी कार्य किए जा रहे हैं। इनके द्वारा चुने हुए जनप्रतिनिधियों की अवहेलना की जा रही है। नगर की सड़कों की हालत बहुत खराब है। जगह जगह सड़कों पर गड्ढे हो रहे हैं। इनके द्वारा जनता के हित के कोई कार्य नहीं किए जा रहे। जिससे अनावश्यक परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। वर्तमान में वर्षाऋतु चल रही है। जिससे नगर की सड़कों पर जगह जगह गड्ढे होने से निकलना मुश्किल हो रहा है। परिषद को चुने हुए 3 वर्ष का समय व्यतीत हो चुका है हमारे वार्डो में कोई विकास कार्य नहीं हो रहे। निकाय की वित्तीय स्थित्ति भी अत्याधिक खराब है। इनके द्वारा लगभग 3 वर्षों से निकाय स्वामित्व की भूमि का नोईयत परिवर्तन आज दिनांक तक न ही कराए जाने के कोई प्रयास किए जा रहे हैं। परिषद द्वारा पारित निर्णयों का भी पालन नहीं किया जाता है जिसमें अतिक्रमण हटाने से संबंधित भी कई प्रस्ताव पास किए गए मगर उपयंत्री द्वारा इस पर ध्यान नहीं दिया जाता है। नगर कुरवाई में अनेकों भवन बगैर निर्माण स्वीकृति के बनाये जा रहे है। जिससे निकाय की आय प्रभावित हो रही है। निकाय स्वामित्व के कई भवन खंडर पड़े हुए है। जिनको तोड़कर शापिंग काम्पलेक्स या दुकानों का निर्माण किया जा सकता है। जिससे निकाय की वित्तीय स्थिति को ठीक किया जा सकता है परंतु उपयंत्री की उदासीनता के कारण निकाय की स्थिति बद से बदतर हो रही है।

शासन की महत्वपूर्ण योजनाएं जिन में जलावर्धन योजना, अमृत 2 योजना, अधोसंरचना एव कायाकल्प योजना अंतर्गत ठेकेदार की मिली भगत से घटिया निर्माण कार्य करवाया जा रहा है। जिसकी शिकायत हमारे द्वारा कई बार तत्कालीन मुख्य नगरपालिका अधिकारी नप कुरवाई को की गई तथा बिना गुणवत्ता के काम होने पर ठेकेदार को भुगतान नहीं करने का भी कई बार लेख भी किया गया है। परन्तु इसके उपरांत भी उपयंत्री द्वारा परिषद सदस्यगणों को दरकिनार कर देयक तैयार कर भुगतान की कार्यवाही की जाती है।

सीएमओ जाहिर अली का कहना है कि पार्षदों ने निंदा प्रस्ताव आवेदन सोपा है आगामी बैठक में यह प्रस्ताव रखा जाएगा। उप यंत्री गौरव कुमार का कहना है कि मेरे द्वारा कोई गलत कार्य नहीं किया गया है परिषद में फंड नहीं है कई पार्षद है जो मेरा स्थानांतरण कराना चाहते हैं इस कारण यह षडयंत्र रच रहे हैं और शिकायत के कर रहे हैं।

**For Sale**
TATA Ace Gold Petrol
Model-2022,
R.C. No. MP-40-LA-2723
Engine No.
275MPFI02KXXSE8281
Chassis No-
MAT559023NVK61570.
Contract-Sundaram
Finance LTD-
9425010975
7880190815

**For Sale**
TATA Ace Gold petrol
Model-2023,
R.C. No. MP-40-ZD-5931
Engine No.
275MPFI03HWXSB3374
Chassis No-
MAT559035PVH47707.
Contract-Sundaram
Finance LTD
9425010975
7880190815

**For Sale**
TATA Ace Gold Petrol
Model-2022,
R.C. No. MP-40-ZD-2191
Engine No.
700CCDI04FWXS84538
Chassis No-
MAT559033PZG16944.
Contract-Sundaram
Finance LTD-
9425010975
7880190815

## विश्व हिंदू परिषद ने सूर्यनगर में 61वां स्थापना दिवस मनाया

हरिभूमि न्यूज ⏭ शमशाबाद

विश्व हिंदू परिषद के 61 वां स्थापना दिवस सूर्यनगर शमशाबाद में मनाया गया। जिसमें संगठन के अगामी कार्यक्रम की योजना बनाई गई एवं संगठन के विस्तार पर चर्चा हुई। जिसमें जिला एवं प्रखंड एवं नगर के कार्यकर्ता मौजूद रहे।

कार्यक्रम में प्रखंड सह संयोजक रितिक कुशवाह ने कहा कि संगठन का उद्देश्य समाज



सनातन धर्म, संस्कृति और परंपराओं की रक्षा करना है। विहिप का लक्ष्य जाति, भाषा, क्षेत्र और पंथ के भेदभाव को समाप्त कर समाज में समरसता स्थापित करना और हिंदू समाज को आत्मगौरव, आत्मरक्षा व धर्म रक्षा के लिए सशक्त बनाना है।

इस अवसर पर जिला सहसंयोजक कुलदीप यादव, प्रखंड सह संयोजक रितिक कुशवाह, लोकेश विश्वकर्मा, प्रदीप कुशवाह, प्रखंड सत्संग प्रमुख मनमोहन मीणा, यशपाल राजपूत, शिवम धाकड़, सचिन राजपूत, आकाश सेन ,भूपेंद्र केवट मौजूद रहे।

# पुलिस पंचायत में बुजुर्गों की पीड़ा को मिला समाधान

हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा

एसपी रोहित काशवानी के निर्देशन में गठित सीनियर सिटीजन पुलिस पंचायत लगातार बुजुर्गों की समस्याओं को सुनकर उनका समाधान कर रही है।

बुधवार को को आयोजित पुलिस पंचायत में एडिशनल एसपी डॉ प्रशांत चौबे, कोर कमेटी सदस्य डॉ सचिन गर्ग, दिनेश वाजपेयी, अतुल शाह, प्रमोद व्यास, सीआरके कुलश्रेष्ठ एवं अजय टंडन उपस्थित रहे। विदिशा निवासी बुजुर्ग महिला ने शिकायत की कि उसकी बहू एवं रिश्तेदारों द्वारा निरंतर विवाद और



मारपीट की जाती है। स्थिति इतनी गंभीर थी कि बेटी भी मां की पीड़ा सहन न कर पा रही थी। पंचायत में दोनों पक्षों को सुना और मनोवैज्ञानिक, वैधानिक तथा सामाजिक दृष्टिकोण से समाधान सुझाया गया। परिजन आपस में गले मिले और एक-दूसरे के पैर छूकर क्षमा मांगी। भावनात्मक वातावरण में सभी ने राहत की सांस ली।

### पुलिस पंचायत में ऐसे मामले भी आए सामने

हिनोतिया निवासी बुजुर्ग ने शिकायत की कि बेटा और बहू झगड़ा करते हैं तथा जमीन बेचने का प्रयास कर रहे हैं। जाँच में ज्ञात हुआ कि विवाद का कारण पिता-पुत्र की शराब की लत है। पंचायत में दोनों ने शपथ ली कि आज के बाद शराब का सेवन नहीं करेंगे। इसके बाद परिवार ने एकजुट होकर एक-दूसरे का सम्मान करने का वचन दिया।

**प्रकरण 3:** विदिशा निवासी बुजुर्ग महिला ने बताया कि गत दिवस बेटे-बहू ने मिलकर उनसे मारपीट की। पंचायत द्वारा तत्काल सुनवाई कर पीड़िता को सुरक्षा हेतु पुलिस नंबर उपलब्ध कराए गए तथा आरोपियों को उपस्थित होने के निर्देश दिए गए।

**प्रकरण 4:** थाना शमशाबाद अंतर्गत ग्राम निवासी बुजुर्ग महिला ने शिकायत की कि उनका बेटा-बहू भोपाल में रहना चाहते हैं, जबकि वह गांव छोड़ना नहीं चाहतीं। पंचायत में दोनों पक्षों को समझाइश दी गई कि किसी भी परिस्थिति में माँ की देखभाल बाधित नहीं होनी चाहिए। परिवार ने अगली बैठक में समाधान संबंधी ठोस विकल्प प्रस्तुत करने पर सहमति जताई। सीनियर सिटीजन पुलिस पंचायत बुजुर्गों के जीवन में न्याय, सुरक्षा करने का एक प्रभावी मंच सिद्ध हो रही है।

### हर दिन बनेगा दिव्यांग प्रमाण पत्र

**सागर।** जिला चिकित्सालय में अब हर दिन दिव्यांग प्रमाण पत्र बनाए जाएंगे एवं बनने के पश्चात दिव्यांगजन के व्हाट्सएप नंबर पर शेयर किया जाएगा। उक्त निर्देश कलेक्टर संदीप जी. आर. ने दिए हैं। उन्होंने कहा कि सभी एसडीएम, सीईओ, सभी अधिकारी अपने अपने क्षेत्र के दिव्यांगों को चिन्हित कर उनके दिव्यांग प्रमाण पत्र बनाने के लिए उन्हें जिला चिकित्सालय भेजें जिससे कि उनका दिव्यांग प्रमाण पत्र आसानी से बन सकें।

### पीएम आवास योजना की प्रगति जांचने के निर्देश

**सागर।** प्रधानमंत्री आवास योजना 1.0 एवं 2.0 के अंतर्गत जिले में चल रहे कार्यों की समीक्षा करते हुए कलेक्टर ने आयुक्त एवं मुख्य नगर पालिका अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि शासन के निर्देशानुसार प्रधानमंत्री आवास अंतर्गत सभी पात्र हितग्राहियों को योजना का लाभ समयसीमा में दिलाना सुनिश्चित करें। नगरीय निकायों को लक्ष्य पूर्ति हो।

**बहुउददेशीय प्राथ. कृषि साख सहकारी सोसायटी मर्या.**
**बरवाई शाखा कुरवाई जिला विदिशा (म.प्र.)**

पंजीयन क्रमांक 8443 दिनांक 30-06-1966 — दिनांक 21-08-2025

**एजेंडा वार्षिक आमसभा**

बहुउददेशीय प्राथ. कृषि साख सहकारी सोसायटी मर्यादित बरवाई के समस्त अंशधारी सदस्यों को सूचित किया जाता है कि समिति बरवाई में साधारण सभा दिन गुरूवार दिनांक 04-09-2025 समय दोपहर 01 बजे से स्थान समिति गोदाम भवन बरवाई में आयोजित की गई है।
गणपूर्ति कोरम के आभाव में बैठक स्थगित होने की दशा में स्थगित साधारण सभा की बैठक उसी स्थान पर 1/2 घण्टे पश्चात होगी। जिसमें गणपूर्ति आवश्यक नहीं होगी।
बैठक में आपकी उपस्थिति प्रार्थनीय है।

चन्द्रहास शर्मा — समिति प्रबंधक
श्री नितिन श्रीराव — प्रशासक

### जिले में 108 जननी, एम्बुलेंस सुविधा हुई बेपटरी, जिम्मेदार भी उदासीन

# धक्कामार एम्बुलेंस के भरोसे मरीज पहुंच रहे अस्पताल, जच्चा-बच्चा पर भी बना रहता संकट

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायसेन

◆ खस्ताहाल एम्बुलेंस से भगवान भरोसे चल रही स्वास्थ्य सेवा, सड़कों पर हो रहीं बंद, नागरिक धक्का लगाकर करवा रहे चालू

प्रसूताओं को सुरक्षित प्रसव सरकारी अस्पतालों में कराने जच्चा बच्चा को सही सलामत घर से लाने एवं छोड़ने सरकार द्वारा जननी 108 एम्बुलेंस चलाई जा रही है, लेकिन जिम्मेदारों की उदासीनता के चलते वह बेपटरी हो चुकी हैं।

जिले में एम्बुलेंस सेवा सवालों के घेरे में है, कॉल करने के बाद भी समय पर एम्बुलेंस मौके पर नहीं पहुंच पा रही है। समय पर मरीजों, दुर्घटना ग्रस्त घायलों और गर्भवती महिलाओं के लिए एम्बुलेंस और जननी सुरक्षा वाहन सेवा वेंटीलेटर पर दिखाई दे रही है। जिसका नजारा पिछले दिनों नकतरा में देखने को मिला, जहां एम्बुलेंस बंद होने पर उसे नागरिकों ने धक्का देकर चालू किया। वहीं बाड़ी के फोरलेन सड़क के डायवर्सन मार्ग पर एक एम्बुलेंस बंद होने से वह खुद अपने लिए एम्बुलेंस और इलाज के इंतजार में सड़क पर खड़ी दिखाई दी।

सीएमएचओ ऑफिस से मिली जानकारी के मुताबिक जिले में कंपनी के लगभग 118 वाहन सड़कों पर दौड़ रहे हैं। इनमें दो वाहन रोड पर ऑफ रोड़ हैं, 3 वाहन कंडम खड़े हैं, जबकि बीएएलएस के 17 वाहन हैं। 12 वाहन सड़कों पर दौड़ रहे हैं। 5 वाहन मेंटेनेंस के अभाव में खड़े हुए हैं। बीएलएस के पांच वाहन ऑफ रोड हैं। जबकि जननी एम्बुलेंस कुल 20 में से 17 एम्बुलेंस ऑन रोड पर हैं, 3 एंबुलेंस ऑफ रोड है। जिले में 108 जननी एंबुलेंस 41 संचालित है।

#### कंडम हालत में सड़कों पर दौड़ रहीं एम्बुलेंस

*कई एम्बुलेंस मेंटनेस नहीं होने से खस्ताहाल स्थिति में महीनों से बंद पड़ी हुई है और जो सड़कों पर बदहाल स्थिति में एम्बुलेंस चल रही हैं वह भी बिना मेंटनेस के कंडम हालत में भगवान भरोसे दौड़ रही है। ऐसी स्थिति में इन एम्बुलेंस में मेंटेनेंस नहीं होने से दुर्घटनाओं की संभावना बनी रहती है। बताया जाता है कि कंपनी में रायसेन-भोपाल के अधिकारियों और उनके रिश्तेदारों की किराये पर एम्बुलेंस चल रही है।*




#### मेंटेनेंस न होने से बदहाल हो रही स्थिति

जिले में अधिकतर एम्बुलेंस मेंटेनेंस के अभाव में बदहाल स्थिति पर पहुंच गई है। मेंटनेस नहीं होने से सड़को पर दौड़ने वाली अधिकतर एम्बुलेंस को खस्ताहल बताया जा रहा है, जिसके लिए जिम्मेदार एम्बुलेंस सेवा देने वाली जेएईएस प्राइवेट कंपनी पर भी कई सवाल खड़े हो रहे है। एम्बुलेंस का संचालन करने वाली कंपनी को सबकुछ पता होने के बाद भी बेपरवाह सब जिम्मेदार दिखाई दे रहे है। बदहाल एम्बुलेंस की हालत देखने के बाद यह अति आवश्यक सेवा भगवान भरोसे ही दिखाई दे रही है।

#### अपनी दुर्दशा पर खुद आंसू बहा रही एम्बुलेंस

मरीजों को लाने वाली एम्बुलेंस में कई महीनों से एसी बंद पड़ी है। वहीं कुछ में लाइफ सपोर्ट मेडिकल साइंस उपकरण भी बंद है। किसी के टायर खस्ता हो गए हैं, तो किसी की सीटें कटी फटी पड़ी हैं, तो वहीं कुछ खस्ताहल दौड़ रही हैं। नियम अनुसार जिन एम्बुलेंस का मेंटेनेस 15 हजार किलोमीटर पर होना चाहिए, वह 20 से 22 हजार किमी से भी अधिक चल चुकी, लेकिन इनका मेंटनेस नहीं हो रहा है। जीवन दान देने के लिए संचालित अतिआवश्यक 108 एम्बुलेंस सेवा मानो खुद अपनी दुर्दशा पर आंसू बहा रही हैं।

#### इनका कहना है

मीडिया से एम्बुलेंस का मामला संज्ञान में आया है। नोडल अधिकारी और बीएमओ से एम्बुलेंस की जानकारी लेकर बेहतर व्यवस्था करने एवं कार्यवाही जैसे कदम उठाएंगें।

- **डॉ. एचएन मांडरे**, सीएमएचओ रायसेन।

## मुख्यमंत्री ने गोल्ड मेडल से किया कलेक्टर का सम्मान

### निवाड़ी में कलेक्टर ने किया था उत्कृष्ट कार्य




हरिभूमि न्यूज ⏭ रायसेन

मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव के मुख्य आतिथ्य में संपूर्णता अभियान सम्मान समारोह कार्यक्रम कुशाभाऊ ठाकरे इंटरनेशनल कन्वेंशन सेंटर भोपाल में आयोजित हुआ। इस गरिमामय समारोह में मुख्यमंत्री डॉ यादव द्वारा वर्तमान रायसेन कलेक्टर तथा तत्कालीन जिला निवाड़ी कलेक्टर अरूण कुमार विश्वकर्मा सहित सात अन्य कलेक्टरों को गोल्ड मेडल प्रदान कर सम्मानित किया गया।

ज्ञात रहे कि कलेक्टर अरूण विश्वकर्मा को यह गोल्ड मेडल निवाड़ी कलेक्टर रहते हुए संपूर्णता अभियान में उत्कृष्ट कार्य करने के लिए प्रदान किया है। उल्लेखनीय है कि संपूर्णता अभियान नीति आयोग द्वारा 4 जुलाई 2024 से शुरू किया गया था। इस व्यापक अभियान का उद्देश्य देश भर के आकांक्षी जिलों और ब्लॉकों में 12 प्रमुख सामाजिक क्षेत्र संकेतकों की सौ प्रतिशत संतृप्ति प्राप्त करना है। यह अभियान चार जुलाई से 30 सितंबर 2024 तक संचालित किया गया था।

#### लोगों की समस्याओं का फौरन निपटारा

जिले के तेज तर्रार एवं ईमानदार कलेक्टर श्री विश्वकर्मा अपनी वाकपटुता और अच्छी कार्यशैली के लिए जाने जाते हैं। चाहे जनसुनवाई में लोगों की पीड़ा हो या फिर उलझी समस्याएं उनको जिम्मेदार आला अधिकारियों के जरिए हल कराने में माहिर हैं।



## बंदरों के आतंक से ग्रामीण परेशान, चादर व कवेलू को पहुंचा रहे नुकसान

हरिभूमि न्यूज ⏭ दीवानगंज

दीवानगंज में बंदरों के आतंक से ग्रामीण परेशान है, बंदर भारी नुकसान कर रहे जिससे ग्रामीणों में काफी आक्रोश है। दीवानगंज गांव में लगभग एक महीने पहले दो दर्जन से अधिक बंदरों का झुंड पहुंच गया है, जो पूरे गांव में आतंक मचा रहा है। साथ ही बंदर कच्चे घरों भारी नुकसान पहुंचा रहे हैं। बंदरों के डर से बच्चे घर से बाहर नहीं निकल रहे हैं। वही बंदर छतों पर लगे नल, टोटी, डिश, बिजली के तार, बर्तन, कपड़े सहित कई सामानों को भारी नुकसान पहुंचा रहे हैं।

ग्रामीण इकट्ठा होकर बंदरों को खदेड़ने का प्रयास करते हैं तो बंदर उन पर हमला कर देते हैं। इसी डर से लोग अपने घरों में दुबक जाते हैं। गांव निवासी चंगू पाटकर ने बताया कि लगभग एक महीने से यह बंदर गांव में आए हुए हैं।

## हिउस अध्यक्ष का किया गर्मजोशी से स्वागत

### हिउस ने नगर में निकाला विजयी जुलूस




◆ जुलूस का अनेकों स्थानों पर हुआ स्वागत

हरिभूमि न्यूज ⏭ बाड़ी

श्री हिन्दू उत्सव समिति बाड़ी के नवनियुक्त अध्यक्ष जस्सी अटवाल का नागरिकों द्वारा सम्मान समारोह आयोजित कर उनका फूलमाला पहनाकर गर्मजोशी से स्वागत किया। उन्होंने हिउस अध्यक्ष श्री अटवाल से उम्मीद जताई कि नगर में होने वाले त्यौहारों में समिति के सदस्य बढ़ चढ़कर हिस्सा तथा हर संभव मदद भी करेंगे।

नवनियुक्त अध्यक्ष जस्सी अटवाल की मित्र मंडली और सहयोगियों ने मंगलवार को बजीरगंज स्थित बालाजी मंदिर में माथा टेकने के बाद ढोल डीजे अखाड़े व आतिशबाज़ी के साथ जुलूस निकाला। जुलूस का जगह जगह स्वागत किया गया।




वहीं चिंतामन चौराहे पर जुलूस का मुस्लिम समुदाय के लोगों ने फूल मालाएं पहनाकर स्वागत किया। इस अवसर पर भाजपा के वरिष्ठ नेता जोधा सिंह अटवाल सहित अन्य लोग शामिल रहे।



## एसडीएम मुकेश सिंह का तबादला, अब श्री शर्मा होंगे एसडीएम

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायसेन

कलेक्टर अरुण कुमार विश्वकर्मा द्वारा प्रशासनिक कार्य तंत्र और आमजनों की सुविधा के दृष्टिगत डिप्टी कलेक्टर मनीष शर्मा को एसडीएम रायसेन का दायित्व सौंपा गया है। डिप्टी कलेक्टर मनीष शर्मा द्वारा एसडीएम रायसेन का कार्यभार ग्रहण किया गया। चार्ज संभालते ही एसडीएम कार्यालय के समस्त कर्मचारियों से मुलाकात कर पारदर्शिता पूर्ण कार्य करने की सलाह दी। ज्ञात रहे कि एसडीएम मुकेश सिंह का तबादला रायसेन से भोपाल हो गया है।

## कांग्रेस जिलाध्यक्ष चयन प्रक्रिया से नाराजगी पार्टी पदाधिकारियों ने बताया संगठित सृजन

### ब्लॉक अध्यक्ष, 4 मंडलम अध्यक्षों ने पार्टी से दिया इस्तीफा

हरिभूमि न्यूज ⏭ बरेली

पिछले दिनों जिला कांग्रेस अध्यक्षों की घोषणा की गई। अध्यक्ष निर्वाचन की प्रक्रिया चयन को रायसेन जिले में लोकतांत्रिक, समवयात्मक माध्यम से न होकर इसे संगठित सृजन बतलाते हुए और संघर्षशील निष्ठावान कांग्रेस के ब्लॉक कमेटी अध्यक्ष राजेश उपाध्याय उंटिया कलां, मंडल अध्यक्ष रास बिहारी रघुवंशी, मेहरा गांव कलां मंडलम अध्यक्ष गोधन सिंह राजपूत, छबारा अध्यक्ष सुरेश रघुवंशी, पांजरा अध्यक्ष चन्द्रपाल सिंह राजपूत ने अपने पदों के साथ कांग्रेस की प्राथमिक सदस्यता से भी इस्तीफा दे दिया।

अपने-अपने स्तीफा प्रदेश कांग्रेस के अध्यक्ष को भेजने के साथ सार्वजनिक होते ही कांग्रेस के नेताओं, कार्यकर्ताओं में भारी हलचल क्षेत्र में भारी चर्चा बनी हुई है। आने वाले दिनों में कांग्रेस से ओर भी स्तीफा होने की चर्चा है।



युवा राजेश उपाध्याय ग्राम बाग पिपरिया के निवासी कृषक और गत अनेक वर्षो से बरेली ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष के रूप में सक्रिय बने हुए थे। उपाध्याय पूर्व विधायक देवेन्द्र पटेल गडरवास के अति निकट माने जाते है। हमेशा कांग्रेस की राजनीति, चुनावी गतिविधियों में ग्रामीण क्षेत्र में सक्रिय रहने वाले मंडलम अध्यक्ष रास बिहारी रघुवंशी ग्राम सीरावाडा के मूल निवासी और कृषक है। इसी प्रकार मंडलम अध्यक्ष गोधन सिंह राजपूत भी कांग्रेस के लिए हमेशा निष्ठावान कार्यकर्ता के रूप में सक्रिय रहे।

#### पद व पार्टी की छोड़ी प्राथमिक सदस्यता

प्रदेश प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष को लिखे पत्रों में तीनों नेताओं ने जिला अध्यक्ष निर्वाचन चयन प्रक्रिया में लोकतांत्रिक, समवयात्मक प्रक्रिया माध्यम से न होकर, संगठित सृजन होने से भावनाए आहत होने से पद और पार्टी की प्राथमिक सदस्यता से स्तीफा देने का कारण स्पष्ट किया। इसी के साथ तीनों कांग्रेसी नेताओं ने ईमानदारी निष्ठापूर्वक कार्य करने सेवाओं का सही सम्मान न होने का भी उल्लेख किए जाने से प्रदेश के अन्य स्थानों के समान रायसेन जिले में भी कांग्रेस से बगावत और स्तीफा देने से कांग्रेस का संगठन मजबूत होने के स्थान पर बिखराव, गुटबाजी और जिला अध्यक्ष चयन निर्वाचन पर सवाल उठना शुरू हो गया है।

## सोसायटी के सामने दलदल में तब्दील रोड, आवागमन में ग्रामीण परेशान

हरिभूमि न्यूज ⏭ दीवानगंज

ग्राम दीवानगंज, अंबाडी और सेमरा में 2012 में प्रधानमंत्री योजना के अंतर्गत सड़क बनाई गई थी जिसकी देखरेख ना होने से सड़क में जगह-जगह गहरे गड्ढे हो गए है। सड़क की शिकायत ग्रामीणों ने कई बार की इसके बावजूद भी जिम्मेदार अधिकारियों ने सड़क में कोई भी सुधार किया है।

दीवानगंज रेलवे स्टेशन तक 35 से 40 गांव के लोग रोज रेलवे स्टेशन दीवानगंज तक आते जाते रहते हैं। फैक्ट्री चौराहा से लेकर



रेलवे स्टेशन तक 3.5 किलोमीटर मार्ग में 3 पंचायत पड़ती है दीवानगंज, अंबाडी और सेमरा इसके बावजूद भी सड़क में सुधार कार्य नहीं किया जा रहा है।

वहीं सड़क में बने गड्ढे में पानी भरने से कीचड़ में तब्दी हो गए है।

## नगर में गंदगी का अंबार, रहवासी परेशान

हरिभूमि न्यूज ⏭ सांची

नगर परिषद सांची के रहवासी क्षेत्रों में गंदगी का अंबार लगा हुआ है। नगर में जगह-जगह बड़ी-बड़ी झाड़ियां और सड़क से लगे हुए कांटेदार छोटी-छोटी झाड़ियां खड़ी हुई है। इन घनी और कांटेदार झाड़ियों के आसपास छोटे-छोटे बच्चे खेलने रहते हैं जिससे हमेशा लोगों को डर बना रहता है।

वहीं जहरीले कीड़े कांटे का भी लोगों को डर बना रहता है। नाले नालियों की सफाई नहीं होने के कारण गटर का पानी सड़क के ऊपर से निकल रहा है। यह गंदगी लोगों के



पैरों के द्वारा घरों तक पहुंच रही है। वहीं इन झाड़ियां और नालियों में पनप रहे मच्छरों से लोगों मे बीमारी फैल रही है। मगर नगर परिषद द्वारा कचरे की साफ-सफाई के लिए कोई भी पुख्ता कदम नहीं उठाया जा रहा है। ऐसा नहीं है कि इसकी शिकायत लोगों ने नप में नहीं की हो, इसके बाद भी अभी तक प्रशासन द्वारा कोई भी कार्यवाही नहीं की गई है।

## खाद की किल्लत से किसान हो रहा परेशान, गोदाम पर भी लंबी कतारें

### खाद, बिजली की समस्याओं पर किसान संघ ने सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ बरेली

क्षेत्र में व्यापक स्तर पर धान की खेती होती है। धान में डीएपी, यूरिया, एनपीके खाद डालने का समय आ गया। प्रतिदिन भारी संख्या में किसान मंडी स्थित मार्कफेड की गोदामों पर लंबी-लंबी लाइनें लगा रहे है। परंतु उन्हें अपनी जरूरत के अनुसार खाद नहीं मिल पा रहा है।

किसान संघ के पदाधिकारियों ने जरूरत खाद, 10 घंटो निर्वाध बिजली, किसानों को बैंची गई मूंग का भुगतान न होने के साथ सोलर पंप के लिए आवेदन में पार्टल में खराबी के कारण परेशानियां उठाना पड रही है। किसान संघ के द्वारा 6 मांगो के संबंध में तहसीलदार रामजी लाल वर्मा को ज्ञापन सौंपकर किसानों की समस्याए तुरंत निराकरण किए जाने की मांग की है।



#### मिले 10 घंटे बिजली, सोलर पंप पोर्टल में हो सुधार

» किसान संघ के जिला अध्यक्ष केशर सिंह धाकड़, तहसील अध्यक्ष पृथ्वीपाल सिंह, रेवा शंकर शर्मा, गोविन्द धाकड़, भगवान सिंह ठाकुर, सहित अन्य किसानों की ज्ञापन सौंपते समय उपस्थिति रही। ज्ञापन में किसानों को 10 घंटे बिजली उपलब्ध कराने के साथ सोलर कृषि पंप योजना के ऑनलाईन आवेदन में पोर्टल चालू न रहने के साथ तकनीकि खामियां आने से किसान आवेदन नहीं कर पा रहे है। किसान संघ के पदाधिकारियोंने किसानों की सभी समस्या का शीघ्र निराकरण किए जाने अनुरोध किया है।

#### ना खाद और ना ही मूंग का भुगतान

भारतीय किसान संघ के द्वारा सौंपे गए ज्ञापन में कहा गया कि धान फसलों में खाद डालने किसान हैरान परेशान हो रहे है। मार्कफेड की गोदामों पर किसानों की गिरते पानी में भीड और लम्बी लाइनें लगने के साथ विवाद भी हो रहे है। वितरण व्यवस्था ठीक न होने से भारी अव्यवस्था फैली हुई है। एक तरफ खाद नहीं मिल रही है।

दूसरी किसानों द्वारा समर्थन मूल्य पर मूंग बैंचने के लम्बे समय बाद भी भुगतान नहीं हो रहा है। जिससे किसानों की आर्थिक हालत खराब हो रही है।

### जिला स्तरीय फ्लोरोसिस स्वास्थ्य परीक्षण शिविर हुआ आयोजित

# फ्लोरिसिस बीमारी से प्रभावित मिले स्कूली बच्चे

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायसेन

जिले की तहसील बेगमगंज में जिला स्वास्थ्य विभाग की ओर से जिला स्तरीय फ्लोरिसिस स्वास्थ्य परीक्षण शिविर आयोजित किया गया। जिसमें स्कूली बच्चों में जांच के दौरान उनके दांतों में कठोर जल के पीने से फ्लोरिसिस बीमारी के लक्षण मिले।

कलेक्टर अरुण विश्वकर्मा, सीएमचओ एचएन मांडरे के निर्देशानुसार विकासखंड बेगमगंज के फ्लोराइड प्रभावित ग्राम माला, गोपालपुर, सागौनी, पीलपहाड़ी एवं कोकलपुर के प्राथमिक एवं माध्यमिक स्कूलों में राष्ट्रीय फ्लोरोसिस निवारण एवं नियंत्रण कार्यक्रम के तहत एक दिवसीय शिविर का आयोजन किया गया। शिविर की टीम में डॉ एमडी भारती जिला फ्लोरोसिस नोडल अधिकारी एवं राष्ट्रीय बाल सुरक्षा कार्यक्रम टीम के डॉ बब्लू साहू के साथ संयुक्त रूप से टीम द्वारा बच्चों का फ्लोरोसिस परीक्षण किया गया। जिसमें कई बच्चे संभावित डेंटल फ्लोरोसिस से ग्रसित मिले।इनमें जो बच्चे प्रभावित मिले उनका यूरीन सैंपल टेक्नीशियन डेनिस जार्ज के द्वारा लिया गया।




जो बच्चे जिस जलस्रोत का पानी पी रहे हैं उनके पानी का सैंपल लिया गया। जिनकी जांच जिला फ्लोरोसिस लैब जिला चिकित्सालय रायसेन में की जाएगी। साथ ही सभी संभावित डेंटल फ्लोरोसिस से प्रभावित बच्चों को चिन्हित कर लिया गया है।

बच्चों के आवश्यक उपचार के रूप में टीम द्वारा कैल्शियम विटामिन सी एवं मल्टीविटामिन की दवाइयां उपलब्ध कराई गई। साथ ही डॉ भारती के द्वारा ग्रामीणों एवं स्कूल शिक्षकों तथा बच्चों को विस्तार से फ्लोरोसिस बीमारी के बारे में पेंपलेट पोस्टर के माध्यम से बताकर जागरूक किया।



वहीं फ्लोरोसिस बीमारी से बचने के उपाय बताए गए। जिसमें बताया गया कि दवाइयों के साथ-साथ अपने दैनिक जीवन में दूध दही एवं हरी सब्जियों का इस्तेमाल ज्यादा करें। पीने के पानी में 1 पीपीएम से ज्यादा फ्लोराइड वाले पानी का इस्तेमाल पीने में ना करें। अगर आप 1 पीपीएम से ज्यादा फ्लोराइड वाले पानी का इस्तेमाल पीने में करते हैं तो व्यक्ति फ्लोरोसिस से ग्रसित हो सकता है। जिसमें तीन प्रकार के फ्लोरोसिस रोग हो सकते है। डेंटल फ्लोरोसिस, स्केलटन फ्लोरोसिस एवं नॉन स्केलटन फ्लोरोसिस रोग हो सकते हैं।

इस मौके पर शिक्षक एवं ग्रामीण जनों के साथ स्वास्थ्य विभाग के सीएचओ एएनएम आंगनबाड़ी आशा कार्यकर्ता उपस्थित थे।